शमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

भारत के लिए खेलने का गर्व हमेशा रहेगा : मोहम्मद शमी



नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रेड-बॉल क्रिकेट यानी टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. शमी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक भावुक वीडियो संदेश जारी कर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की आधिकारिक घोषणा की. दिलचस्प बात यह है कि ठीक 13 साल पहले 6 नवंबर 2013 को ही उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था और इसी तारीख के आसपास उन्होंने अपने इस लंबे और ऐतिहासिक सफर को विराम दिया है. हालांकि, प्रशंसकों के लिए राहत की बात यह है कि 36 वर्षीय शमी वनडे, टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे.

13 साल के शानदार करियर पर विराम

वर्ष	उपलब्धि	विवरण
2013	सर्वश्रेष्ठ डेब्यू	वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले ही टेस्ट में 9 विकेट
2019	वर्ल्ड कप हैट्रिक	अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक और सबसे तेज 100 ODI विकेट
2022	आईपीएल विजेता	गुजरात टाइटंस के साथ पहला आईपीएल खिताब
2023	पर्पल कैप × गोल्डन बॉल	वनडे वर्ल्ड कप में सर्वाधिक 24 विकेट
2023	अर्जुन पुरस्कार	देश के दूसरे सर्वोच्च खेल सम्मान से सम्मानित
2025	चैंपियंस ट्रॉफी	विजेता भारतीय सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा

शमी ने स्पष्ट किया कि वे भले ही सफेद जर्सी छोड़ रहे हैं, लेकिन क्रिकेट के प्रति उनका समर्पण पहले की तरह बना रहेगा. अपनी फिटनेस और लय को बरकरार रखने के लिए वे जरूरत पड़ने पर प्रथम श्रेणी क्रिकेट के चार दिवसीय मैच भी खेलते रहेंगे. साल 2023 के वनडे विश्व कप में मोहम्मद शमी भारत के सबसे सफल गेंदबाजों में उभरे थे, जहाँ उन्होंने मात्र 7 मैचों में 24 विकेट चटकाए थे.

शमी के टेस्ट से संन्यास पर दुखी हुए मोर्केल

गेंदबाज मोहम्मद शमी द्वारा टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले पर टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने गहरा दुख जताया है. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्केल ने कहा कि जब उन्होंने भारतीय कोचिंग सेटअप के साथ अपनी शुरुआत की थी, तब शमी ने ड्रेसिंग रूम के माहौल और भारतीय संस्कृति को समझने में उनकी बहुत सहायता की थी.

मुंबई संग्रहालय में सजेगी दादा की 2002 वाली मशहूर जर्सी

नवभारत न्यूज़



मुंबई, 7 नवंबर. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'दौड़ा-दौड़ा कर मारने वाले दादा' के नाम से मशहूर सौरव गांगुली की वह यादगार जर्सी, जिसे उन्होंने साल 2002 में लॉर्ड्स की बालकनी में लहराया था, जल्द ही मुंबई में क्रिकेट प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है.

यह ऐतिहासिक जर्सी 14, 15 और 17 नवंबर 2026 को मुंबई के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में आम जनता और प्रशंसकों के दर्शनार्थ प्रदर्शित की जाएगी. मुंबई क्रिकेट संघ और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रही इस विशेष प्रदर्शनी में क्रिकेट इतिहास की कई दुर्लभ और अनमोल धरोहरों को प्रदर्शित किया जाएगा. साल 2002 की ऐतिहासिक नेटवेस्ट सीरीज के फाइनल मुकाबले में भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर मेजबान इंग्लैंड को एक बेहद रोमांचक मोड़ में 2 विकेट से मात दी थी. मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह की जांबाज पारियों की बदौलत मिली इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाते हुए तत्कालीन कप्तान सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स की पवित्र बालकनी में खड़े होकर अपनी जर्सी उतारकर हवा में लहराई थी, जो भारतीय क्रिकेट इतिहास का एक अमर क्षण बन गया.

दूसरे वनडे में भारत की जीत

बारिश से बाधित मैच में डीएलएस नियम के तहत भारत 4 रन से आगे



वेलिंग्टन, 7 नवंबर (एजेंसी). भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने वेलिंगटन के हेनरी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच को डीएलएस नियम के तहत 4 रनों से अपने नाम कर लिया है. इस शानदार और रोमांचक जीत के साथ ही कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली है.

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की पूरी टीम भारतीय गेंदबाजों की सटीक और धारदार गेंदबाजी के सामने बेबस नजर आई और 41 ओवरों में महज 134 रनों पर सिमट गई. भारत की ओर से युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने घातक प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 4 विकेट चटकाए, जबकि अंशुल कंबोज, आकिब नबी और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट झटककर कीवी टीम की कमर तोड़ दी.

135 रनों के आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. कप्तान शुभमन गिल दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर जेकब डफी का शिकार बनकर 'गोल्डन डक' पर पवेलियन लौट गए. इसके बाद चौथे ओवर में डफी ने विराट कोहली को भी मात्र 7 रन पर आउट कर भारत को दूसरा बड़ा झटका दिया. नौवें ओवर में काइल जैमिसन ने रोहित शर्मा (23 रन) को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं. 47 रन के कुल स्कोर पर अक्षर पटेल (7 रन) के रूप में भारत का चौथा विकेट गिरा. टीम इंडिया जब 26 ओवरों में 7 विकेट खोकर 113 रन बना चुकी थी, तभी वेलिंगटन में तेज बारिश शुरू हो गई.

बारिश न रुकने के कारण मैच को वहीं रोकना पड़ा. खेल रोके जाने के समय डीएलएस पार स्कोर 109 रन था, जिससे भारतीय टीम 4 रन आगे थी. इसी आधार पर भारत को आधिकारिक तौर पर 4 रन से विजयी घोषित किया गया. न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने सर्वाधिक 55 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन उनके 7 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके. अब भारतीय टीम अगले मैच में सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी.

स्कोर बोर्ड...

न्यूज़ीलैंड

बैटर	आर	बी	चौके	छक्के
यंग	6	17	1	0
सीफ़र्ट	0	5	0	0
हेनरी	11	26	1	0
डेरिल	55	104	5	2
टॉम	7	22	0	0
ग्लेन	0	4	0	0
मिशेल	31	38	1	2
नाथन	3	9	0	0
जैमिसन	7	14	1	0
टिकनर	2	5	0	0
जैकब	1	3	0	0

कुल: 134-10 (41 ओवर, आरआर: 3.27)

भारत


बैटर	आर	बी	चौके	छक्के
रोहित	23	28	2	2
गिल	0	1	0	0
कोहली	7	7	1	0
अय्यर	30	46	4	1
अक्षर	7	17	1	0
राहुल	26	38	2	2
नमन	12	16	2	0
अंशुल	1	3	0	0
नबी	1	1	0	0

कुल: 113-7 (26 ओवर, रन रेट: 4.35)

विराट कोहली ने तोड़ा रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड

गुरनूर की घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड टीम ढेर

वेलिंग्टन, 7 नवंबर (एजेंसी). भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और युवा तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ का शानदार प्रदर्शन रहा.





मैच के दौरान विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान कप्तान रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया है. इस मुकाम पर पहुंचते ही कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक और ऐतिहासिक शिखर पर काबिज हो गए हैं.

मिचेल सैंटनर ने भारतीय तेज गेंदबाजों को सराहा

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर का मानना था कि उनकी टीम बल्लेबाजी में पर्याप्त रन बनाने में नाकाम रही. हालांकि, गेंदबाजों ने शानदार प्रयास करते हुए भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखा. भारतीय टीम ने वेलिंगटन में खेले गए दूसरे वनडे में बराड़ ने चार विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पूरी टीम को महज 134 रन पर समेटने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. हालांकि इसके बावजूद भारतीय टीम को जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी.

पीवी सिंधू को मिली आईओए एथलीट आयोग की कमान

- हरमनप्रीत सिंह उपाध्यक्ष चुने गए
- दोनों स्टार एथलीट निर्विरोध निर्वाचित

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली, 7 नवंबर. भारतीय खेलों के इतिहास में शुक्रवार का दिन बेहद खास रहा, जब देश के दो महान और ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग में शीर्ष जिम्मेदारियां सौंपी गईं.

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू को आईओए एथलीट आयोग का नया अध्यक्ष चुना गया है, जबकि भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अपनी कप्तानी में सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले हरमनप्रीत सिंह को उपाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है.

बेन का पेरिस में जलवा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क



पेरिस. पेरिस मास्टर्स में टेनिस प्रशंसकों को रोमांचक मुकाबलों का अनुभव मिल रहा है। अमेरिका के युवा स्टार बेन शेल्टन ने अपनी बेहतरीन लय बरकरार रखते हुए सीजन की 43वीं जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. यह जीत उनके करियर की सबसे सफल उपलब्धियों में से एक बन गई है.

विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार कार्लोस अलकराज ने भी बिना कोर्ट पर उतरे अंतिम-8 में अपनी जगह पक्की कर ली. पेरिस मास्टर्स के तीसरे दौर में बेन शेल्टन ने कड़े मुकाबले में आर्थर रिंडरकनेच को 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हराकर शानदार वापसी की. पहला सेट गंवाने के बाद शेल्टन ने संयम बनाए रखा और अगले दोनों सेट जीतकर मैच अपने नाम किया.

पाकिस्तान टेस्ट टीम में बड़ा फेरबदल

03 अनकैप्ड की एंट्री; 2 प्लेयर रिलीज



इस्लामाबाद, 7 नवंबर (एजेंसी). पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच सोमवार (9 नवंबर 2026) से रावलपिंडी में दो मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है.

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाने वाली इस महत्वपूर्ण सीरीज से ठीक पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कप्तान बाबर आजम की अगुवाई वाली टेस्ट टीम में बड़ा फेरबदल किया है. चयनकर्ताओं ने टीम में चार नए खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे पाकिस्तान का स्क्वॉड 14 से बढ़कर अब 16 खिलाड़ियों का हो गया है. खास बात यह है कि इनमें से तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुना गया है, जबकि दो खिलाड़ियों को मौजूदा स्क्वॉड से बाहर का रास्ता दिखाया गया है. श्रीलंका के खिलाफ इस अहम सीरीज के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आमिर जमाल, युवा तेज गेंदबाज अली शब्बीर, बल्लेबाज मुहम्मद तय्यब आरिफ और पेसर साकिब खान को पाकिस्तान की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है. इनमें तय्यब, शब्बीर और साकिब वे तीन अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है.

तौहीद हृदय बने बांग्लादेश के नए 'किंग'

नई दिल्ली. तौहीद हृदय के ऐतिहासिक दोहरे शतक के दम पर बांग्लादेश की टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में वापसी की. हृदय ने कमाल की बल्लेबाजी की और अकेले दम पर टीम की वापसी कराई. उनके अलावा अन्य कोई भी बल्लेबाज 50 रनों के आंकड़े को भी नहीं छू सके. वे बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम के रिकॉर्ड को तोड़ा है. बांग्लादेश की टीम एक समय पर 184 रनों पर सात विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी. दूसरे छोर पर हृदय डटे रहे और उन्होंने कैरेबियाई गेंदबाजों का जमकर सामना किया.

मुश्ताक अली ट्रॉफी में हार्दिक की वापसी का इंतजार

बड़ौदा टीम का ऐलान, हार्दिक पांड्या को नहीं मिली जगह

14 नवंबर से शुरू होगी मुश्ताक अली ट्रॉफी



नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 नवंबर. टी20 क्रिकेट की प्रतिष्ठित सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आगामी सीजन के लिए बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी आधिकारिक टीम का ऐलान कर दिया है.

14 नवंबर से शुरू हो रहे इस घरेलू टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या को बड़ौदा टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि अतीत शेठ को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है. हालांकि, सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बात स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति रही. प्रशंसकों को उम्मीद थी कि हार्दिक इस टूर्नामेंट के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे, लेकिन वे पूरी तरह फिट न होने के कारण 15 सदस्यीय मुख्य स्क्वाड में जगह नहीं बना सके हैं. बड़ौदा की इस टीम में भारत के लिए खेल चुके विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा, ऑलराउंडर दीपक हुड्डा और तेज गेंदबाज रसिख सलाम (डार) जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिससे टीम काफी संतुलित और मजबूत नजर आ रही है.

हार्दिक पांड्या आईपीएल 2026 के बाद से ही लगातार अलग-अलग चोटों की वजह से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर चल रहे हैं. आईपीएल के दौरान पीठ में खिंचाव (ऐंठन) की समस्या आने के बाद से उन्होंने अपना अधिकांश समय बंगलूरू स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रीहैब करते हुए बिताया है. उन्होंने अपना आखिरी मैच 24 मई 2026 को आईपीएल में खेला था. इसके बाद अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें इंडिया ए की टीम में चुना गया था, लेकिन पिंडली में नई चोट की वजह से उन्हें एक बार फिर बाहर होना पड़ा.

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप लॉस एंजिलिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदों को बड़ा झटका

स्कीट निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

46 वें स्थान पर रहे मैराज अहमद खान



दोहा, 7 नवंबर (एजेंसी). दोहा में खेली जा रही आईएसएसएफ विश्व निशाने बाजी चैंपियनशिप में भारतीय खेमे से एक निराशाजनक खबर सामने आई है.

प्रतियोगिता के दौरान भारत के पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाजों का प्रदर्शन बेहद फीका रहा, जिससे देश के ओलंपिक सपनों को बड़ा झटका लगा है. टूर्नामेंट के व्यक्तिगत और टीम दोनों ही वर्गों में भारतीय निशानेबाज पदक दौर में जगह बनाने में पूरी तरह नाकाम रहे. इसके साथ ही, आगामी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने की उनकी उम्मीदें भी फिलहाल टूट गई हैं. इससे पहले पुरुष वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालविया ने रजत पदक जीतकर भारत के लिए ओलंपिक कोटा पक्का किया था.

मुकाबलों में भारत की ओर से अनुभवी ओलिंपियन मैराज अहमद खान ने पुरुष वर्ग की अगुआई की. तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले 51 वर्षीय मैराज पांच दौर के बाद कुल 125 में से 118 निशाने ही साध सके और 113 निशानेबाजों के कड़े मुकाबले में 46वें स्थान पर रहे. उनके अलावा, एशियाई खेलों के पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरूका और भवतेघ सिंह गिल ने 119-119 अंक हासिल किए, जिससे नरूका 25वें और गिल 24वें स्थान पर रहे. पुरुष टीम स्पर्धा में भारत ने कुल 356 अंक जुटाकर छठा स्थान प्राप्त किया. महिला वर्ग में भी स्थिति कुछ अलग नहीं रही. भारतीय महिला निशानेबाज व्यक्तिगत पदक दौर में जगह बनाने से चूक गईं.

द. अफ्रीका के खिलाफ बॉल से छेड़छाड़

- बॉल टैम्परिंग : उस्मान का सनसनीखेज दावा
- जांच और बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए



सिडनी, 7 नवंबर (एजेंसी) ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर उस्मान ख्वाजा ने साल 2018 के कुख्यात 'सैंडपेपर गेट' यानी बॉल टैम्परिंग विवाद को लेकर एक नया और सनसनीखेज खुलासा किया है.

ख्वाजा के इस दावे ने क्रिकेट जगत में एक बार फिर से भूचाल ला दिया है. जल्द ही रिलीज होने वाली उनकी आत्मकथा 'सब्र' में इस पूरे विवाद पर खुलकर चर्चा की गई है. ख्वाजा का दावा है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में गेंद से छेड़छाड़ की जानकारी सिर्फ स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर और कैमरन बैनक्रॉफ्ट को ही नहीं, बल्कि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम, गेंदबाजों, बल्लेबाजों और सपोर्ट स्टाफ को थी. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी चौंकाने वाला तथ्य सामने रखा है कि इस सीरीज के दौरान पोर्ट एलिजाबेथ टेस्ट में भी सैंडपेपर का इस्तेमाल किया गया था.

एक-एक साल का कड़ा प्रतिबंध लगाया था

वर्ष 2018 में फरवरी-मार्च के दौरान ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली गई चार मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान केपटाउन में खेले गए तीसरे टेस्ट में कैमरन बैनक्रॉफ्ट को गेंद पर सैंडपेपर रगड़ते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था. इस खुलासे के बाद तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान डेविड वॉर्नर पर एक-एक साल का कड़ा प्रतिबंध लगाया गया था, जबकि बैनक्रॉफ्ट को नौ महीने के लिए निलंबित किया गया था.